अध्यक्षीय प्रतिवेदन

माननीय सभासदों,

पाली जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की 28 वीं आमसभा के सुअवसर पर मैं आप सभी समिति अध्यक्षों का पाली जिला दुग्ध संघ परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ।

वर्तमान संचालक मण्डल आप सभी महानुभावों के विश्वास के अनुरूप कार्य कर रहा है जिसमें किसानों व दुग्ध उत्पादक सहकारी सदस्यों के हितो को ही सर्वोपरि मानकर कार्य रहा है ईश्वर से प्रार्थना है कि संचालक मण्डल उनके अटूट विश्वास के अनुरूप कार्य करता रहे तथा संघ व सदस्यों के हित में सर्वोच्च निर्णय लेकर विकास के नए सोपान स्थापित करें।

आज संघ की 28 वीं आमसभा के शुभ अवसर पर वर्ष 2022-23 में अर्जित उपलब्धियां आपके समक्ष प्रस्तुत है :-

वित्त एवं दुग्ध व्यापार :-

संघ द्वारा इस वर्ष 2022-23 में 98665 लीटर दूध औसत प्रतिदिन संकलित करते हुए 154.89 करोड रूपये का भुगतान सहकारी सदस्यों को किया गया। संकलित मात्रा को सिटी सप्लाई सहित मांग व आवश्यकतानुसार विभित्र स्थानों पर भेजने के साथ-साथ घी, छाछ, दही, लस्सी, पनीर व श्रीखण्ड के रूप में विक्रय कर कुशल वित्तिय प्रबंधन से संघ को वर्ष 2022-23 में 31.45 लाख रूपये का शुद्ध लाभ हुआ।

मुझें बताते हुए प्रसन्नता है कि इस वर्ष 110 समितियों में बोनस एवं लांभाश वितरण किया गया जो कुशल प्रबन्धन के कारण सम्भव हुआ।

संस्थागत विकास :-

वर्ष 2022-23 में संघ में पंजीकृत समितियों की संख्या 616 हो गई। जिसके अन्तर्गत दुग्ध उत्पादक सदस्यों की संख्या 40011 हो गई है। यह संख्या निश्चित रूप से पाली जिले के दुग्ध उत्पादकों का पाली डेयरी में पूर्ण विश्वास को प्रदर्शित करती है। यह उपलब्धि समिति स्तर पर पारदर्शी दुग्ध टेस्टिंग एवं भुगतान व्यवस्था के कारण प्राप्त हो सकी। मुझें यह बताते हुए गर्व है कि पाली जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ से सम्बद्ध प्रत्येक समिति एवं प्रस्तावित समिति में विश्व स्तर की कम्प्यूटराइज्ड टेस्टिंग एवं भुगतान व्यवस्था लगी है जिससे प्रत्येक दुग्ध उत्पादक सदस्य का विश्वास बढा है।

सरस

Scanned with CamScanner